**SET-4**

**Series WXYZ/S**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **71/S**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **9** प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Please check that this question paper contains **9** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# चित्रकला (सैद्धान्तिक) (भारतीय कला का इतिहास)

# PAINTING (Theory) (History of Indian Art)

*निर्धारित समय : **2** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **30***

*Time allowed : **2** hours* — *Maximum Marks : **30***

***सामान्य निर्देश :***

**खण्ड – क** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है )

**खण्ड – ख** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है )

**खण्ड – ग** : किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है )

## खण्ड क

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**1.** *दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :* *8×1=8*

(i) राजस्थान की मेवाड़ शैली में निर्मित प्रसिद्ध कलाकृति 'मारू रागिनी' के चित्रकार कौन हैं ? *1*

(A) साहिबदीन (B) निहालचन्द

(C) मिस्कीन (D) दाना

(ii) *अभिकथन (A) :* अमृता शेरगिल के चित्रों में भारतीय विषयों का चित्रांकन यूरोपियन पद्धति से हुआ है।

*कारण (R) :* अमृता शेरगिल की शिक्षा पाश्चात्य परिवेश में हुई, जबकि उन्होंने कार्यस्थली के रूप में भारत को चुना। *1*

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और कारण (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है।

(iii) उस भारतीय चित्रकार का चयन कीजिए जिसने सर्वप्रथम भारतीय पौराणिक विषयों का चित्रांकन यूरोपीय तकनीक से यथार्थवादी शैली में किया। *1*

(A) एम.एफ. हुसैन (B) ई.बी. हैवल

(C) राजा रवि वर्मा (D) आनन्द कुमारस्वामी

***General Instructions :***

**Section – A** : Attempt **all** questions. (Each Question carries **1** mark)

**Section – B** : Attempt **all** questions. (Each Question carries **2** marks)

**Section – C** : Attempt any **two** questions. (Each Question carries **6** marks)

## SECTION A

### (Multiple Choice Questions)

**1.** Select the right answer from the given options : *8×1=8*

(i) Who is the painter of Maru Ragini, a famous artwork created in the Mewar School of Rajasthan ? *1*

(A) Sahibdin (B) Nihal Chand

(C) Miskin (D) Dana

(ii) *Assertion (A) :* Amrita Sher-Gil's paintings depict Indian subjects in European style.

*Reason (R) :* Amrita Sher-Gil was educated in a Western environment, although she chose India as her workplace. *1*

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

(iii) Select the Indian painter who first painted Indian mythological subjects in a realistic style using European techniques. *1*

(A) M.F. Husain (B) E.B. Havell

(C) Raja Ravi Varma (D) Ananda Coomaraswamy

(iv) निहालचन्द मुख्यतः किस लघुचित्र शैली से सम्बन्धित हैं ? *1*

(A) राजस्थानी शैली (B) मुगल शैली

(C) पहाड़ी शैली (D) बंगाल शैली

(v) आपके पाठ्यक्रम के अनुसार मुगलकालीन लघुचित्र शैली का सबसे प्रसिद्ध पक्षी चित्रकार कौन था ? *1*

(A) उस्ताद मंसूर (B) दसवन्त

(C) बसावन (D) हाजी मदनी

(vi) भारत के राष्ट्रीय ध्वज में सम्पन्नता एवं खुशहाली के प्रतीक के रूप में किस रंग का प्रयोग किया गया है ? *1*

(A) भारतीय हरा (B) सफेद

(C) गहरा नीला (D) केसरिया

(vii) गढ़वाल, बसोहली, गुलेर एवं कांगड़ा किस लघुचित्र शैली के प्रमुख केन्द्र थे ? *1*

(A) राजस्थानी शैली (B) दक्षिणी शैली

(C) पहाड़ी शैली (D) बंगाल शैली

(viii) आपके पाठ्यक्रम में सम्मिलित नंदलाल बोस का प्रसिद्ध चित्र 'शिव और सती' किस शैली में निर्मित है ? *1*

(A) दक्षिणी शैली (B) बंगाल शैली

(C) यूरोपियन शैली (D) अपभ्रंश शैली

## खण्ड ख

**(लघुउत्तरीय प्रश्न)** *5×2=10*

*इन प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***100*** *शब्दों में अपेक्षित है।*

**2.** (a) राजस्थानी शैली में भागवत भक्ति की धारा चारों ओर दिखाई पड़ती है। राधा को नायिका और कृष्ण को नायक के रूप में चित्रित किए जाने के असंख्य प्रमाण राजस्थानी कला में भरे पड़े हैं। 17वीं शताब्दी में चित्रित ऐसे ही एक चित्र में, श्रीकृष्ण को झूले पर बैठे हुए चित्रित किया गया है।

(iv) Nihal Chand is related mainly to which school of miniature painting ? *1*

(A) Rajasthani School (B) Mughal School

(C) Pahari School (D) Bengal School

(v) According to your syllabus, who was the most famous bird painter of Mughal miniature art ? *1*

(A) Ustad Mansur (B) Daswant

(C) Basawan (D) Haji Madni

(vi) Which colour is used as a symbol of prosperity and happiness in the national flag of India ? *1*

(A) Indian Green (B) White

(C) Dark Blue (D) Saffron

(vii) Garhwal, Basohli, Guler and Kangra were the main centers of which school of miniature painting ? *1*

(A) Rajasthani School (B) Deccan School

(C) Pahari School (D) Bengal School

(viii) In which style is Nandalal Bose's famous painting 'Shiva and Sati', included in your syllabus made ? *1*

(A) Deccan School (B) Bengal School

(C) European Style (D) Apabhramsa School

## SECTION B

**(Short Answer Type Questions)** *5×2=10*

*Answer to these questions is expected in around* ***100*** *words.*

**2.** (a) The flow of Bhagwat Bhakti is visible everywhere in Rajasthani School. Rajasthani art is full of numerous evidences of Radha being depicted as heroine and Krishna as hero. In one such painting painted in the 17$^{th}$ century, Shri Krishna is depicted sitting on a swing.

(i) अपने पाठ्यक्रम में शामिल इस चित्र को पहचानकर इसका शीर्षक व चित्रकार का नाम लिखिए।

(ii) चित्र की संयोजन व्यवस्था का वर्णन कीजिए। *2*

**अथवा**

(b) पौराणिक विषय भारतीय चित्रकला का मुख्य आधार रहे हैं। राजस्थानी चित्रकला में भी ऐसे कई चित्रकार हैं जिन्होंने रामायण विषय को अपनी कला में प्रमुखता से स्थान दिया है।

(i) अपने पाठ्यक्रम में शामिल ऐसे किसी एक चित्र की पहचान कीजिए तथा चित्र का शीर्षक एवं चित्रकार का नाम बताइए।

(ii) चित्र की संयोजन व्यवस्था एवं इसके कलात्मक पक्ष पर अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत कीजिए। *2*

**3.** (a) आपके पाठ्यक्रम में सम्मिलित इस चित्र को अज्ञात चित्रकार ने चित्रित किया है। चित्र में अमीर खुसरो को हाथ में एक वाद्ययन्त्र लिए अपने गुरु के समक्ष घुटनों पर बैठे हुए चित्रित किया गया है।

(i) इस चित्र को पहचानकर इसका शीर्षक एवं माध्यम बताइए।

(ii) चित्र के सौन्दर्यात्मक पक्ष पर प्रकाश डालिए। *2*

**अथवा**

(b) आपके पाठ्यक्रम में शामिल यह चित्र 18वीं शताब्दी का है जिसमें चाँद बीबी को खेल के एक विशाल मैदान में अपने कुछ साथियों के साथ खेलते हुए चित्रित किया गया है।

(i) इस चित्र को पहचानकर इसकी उप-शैली एवं माध्यम लिखिए।

(ii) चित्र की संक्षिप्त में सराहनात्मक व्याख्या कीजिए। *2*

**4.** माध्यम और तकनीक के प्रयोग के विशेष सन्दर्भ में अग्रलिखित कलाकृतियों पर टिप्पणी लिखिए।

(a) संथाल परिवार (मूर्तिशिल्प) *2*

**अथवा**

(b) मेघदूत (चित्र) *2*

(i) Identify this painting included in your syllabus and write about its title and painter.

(ii) Describe the compositional arrangement of this painting. *2*

**OR**

(b) Mythological subjects have been the main basis of Indian paintings. In Rajasthani painting also, there are many painters who have given prominence to Ramayana.

(i) Identify any one such painting included in your syllabus and write about the title of the painting and the name of the painter.

(ii) Present your views on the compositional arrangement of the painting and its artistic aspect. *2*

**3.** (a) This painting included in your syllabus has been painted by an unknown painter. In the painting, Amir Khusro is depicted sitting on his knees in front of his Guru with a musical instrument in his hand.

(i) Identify this painting and write about its title and medium.

(ii) Throw light on the aesthetic aspect of the painting. *2*

**OR**

(b) This painting included in your syllabus is of the $18^{th}$ century in which Chand Bibi is depicted playing with some of her friends in a huge playground.

(i) Identify this painting and write its sub-school and medium.

(ii) Appreciate the painting in brief. *2*

**4.** Write a note on the following artworks with special reference to the use of medium and technique.

(a) Santhal Family (Sculpture) *2*

**OR**

(b) Meghdoot (Picture) *2*

**5.** नीचे दी गई कलाकृतियों में से किसी एक की विषय-वस्तु पर प्रकाश डालते हुए इसके कलात्मक पक्ष की विस्तृत व्याख्या कीजिए।

(a) कबीर व रैदास *2*

**अथवा**

(b) दारा शिकोह की बारात *2*

**6.** (a) 18वीं शताब्दी में राजस्थानी शैली में निर्मित इस चित्र को 'दाना' नामक चितेरे ने चित्रित किया है।

(i) अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित इस चित्र को पहचानकर इसका शीर्षक एवं माध्यम लिखिए।

(ii) चित्र की संयोजन व्यवस्था का वर्णन कीजिए। *2*

**अथवा**

(b) पहाड़ी शैली के इस प्रसिद्ध चित्र में कृष्ण को गोकुलवासियों के समूह के साथ वृंदावन की यात्रा करते हुए दिखाया है। अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित इस चित्र को पहचानिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) चित्र व चित्रकार का नाम बताइए।

(ii) चित्र की कलात्मक विशेषताओं का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए। *2*

## खण्ड ग

## (दीर्घउत्तरीय प्रश्न) *2×6=12*

*(इन प्रश्नों का उत्तर लगभग 200 शब्दों में अपेक्षित है)*

*दिए गए विकल्पों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

**7.** मुगल शैली के एक चित्र में हरिवंश पुराण के महत्वपूर्ण कथानक का चित्रांकन किया गया है जो कि विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की विजय को प्रदर्शित करता है।

अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित इस चित्र की पहचान कीजिए जिसमें उपर्युक्त विशेषताएँ निहित हों। तदुपरान्त, इस चित्र की व्याख्या निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए :

**5.** Throwing light on the subject matter of any one of the following artworks, explain its artistic aspect in detail.

(a) Kabir and Raidas *2*

**OR**

(b) Marriage Procession of Dara Shikoh *2*

**6.** (a) This painting made in Rajasthani school in $18^{th}$ century was painted by a painter named 'Dana'.

(i) Identify this painting included in your syllabus and write about its title and medium.

(ii) Describe the compositional arrangement of the painting. *2*

**OR**

(b) In this renowned Pahari miniature painting, Krishna is shown on a journey to Vrindavan with a group of people. Identify the painting from your syllabus and answer the following :

(i) Name of this painting and the painter.

(ii) Describe its artistic features in your own words. *2*

## SECTION C

### (Long Answer Type Questions) *2×6=12*

*(Answer to these questions is expected in around 200 words)*

*Attempt any **two** questions from the given options :*

**7.** A painting of Mughal School depicts an important story from Harivansh Purana which shows the victory of man over adverse circumstances.

Identify that painting included in your syllabus which has the above mentioned characteristics. Thereafter, explain this painting on the basis of the following points :

(i) चित्र का शीर्षक और इसके चित्रकार का नाम।

(ii) माध्यम, तकनीक और विषय-वस्तु।

(iii) संयोजन व्यवस्था। *2+2+2=6*

**8.** भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के क्रमिक विकास पर प्रकाश डालते हुए, वर्तमान राष्ट्रीय ध्वज की माप एवं इसमें प्रयुक्त रंगों व प्रतीकों की आलोचनात्मक व्याख्या प्रस्तुत कीजिए। *6*

**9.** पहाड़ी शैली के दिए गए चित्र का विश्लेषण कीजिए तथा आपके अवलोकन और पाठ्यक्रम के अध्ययन के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) चित्र, चित्रकार व उप-शैली का नाम लिखिए।

(ii) चित्र का वर्णन आकृति, अग्रभूमि, पृष्ठभूमि व रंगों के कलात्मक विशेषताओं के विशेष संदर्भ में कीजिए। *6*



(i) Title of the painting and name of the painter.

(ii) Medium, technique and subject matter.

(iii) Compositional arrangement. *2+2+2=6*

**8.** Throwing light on the evolution of the Indian National flag, critically explain the size of the present National flag as well as the colours and symbols used in it. *6*

**9.** Analyse this painting from Pahari School and answer the following based on your observation and study of your syllabus :

(i) Write the name of this painting, its artist and the sub-school.

(ii) Describe the artistic features including the use of colours, background, foreground and the representation of figures. *6*

